अपराध ▶ बिहार के युवक ने धोखाधड़ी करने के साथ गड़बड़झाला कर पाई नौकरी

# रेलवे भर्ती में फर्जीवाड़ा, सीबीआई ने दर्ज की एफआइआर




**जबलपुर।** रेलवे भर्ती में बड़ा फर्जी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। धोखाधड़ी के साथ गड़बड़झाला करने के साथ नौकरी पाने वाले समेत अन्य के खिलाफ जबलपुर सीबीआई ने धोखाधड़ी, समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। जांच में उजागर हुआ है कि परीक्षा और मेडिकल किसी और दिया है और नौकरी बिहार के युवक को मिली थी।

सूत्रों के मुताबिक पमरे ने वर्ष 2024 में टेक्निशियन ग्रेड थ्री ट्रैक मशीन पद के लिए परीक्षा आयोजित की। इस परीक्षा में 92 अभ्यार्थियों का चयन हुआ। जिसमें जबलपुर डिवीजन में मुकेश कुमार पिता नरेश मंडल नामक उम्मीदवार के बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि वह वर्तमान में आईआरटीएमटीसी, पीआरवाईजी में प्रशिक्षण ले रहा था। 10 नवम्बर 2025 से आगे) और यह 14 नवम्बर 2025 को ईसीए द्वारा उम्मीदवार के बायोमेट्रिक सत्यापन के माध्यम से स्थापित किया गया था और उम्मीदवार से बयान दर्ज करने के दौरान भी पुष्टि हुई थी कि कोई और व्यक्ति उसकी और से सीबीटी, डीवी और मेडिकल परीक्षा में उपस्थित हुआ था। मुकेश कुमार को 14 नवम्बर 2025 से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। तकनीशियन ग्रेड 1 और तकनीशियन ग्रेड के पदों के लिए उम्मीदवारों का ब्लॉमेट्रिक सत्यापन परीक्षा संचालन एजेंसी द्वारा किया गया था।

### ऐसे उजागर हुआ फर्जीवाड़ा–

मुकेश की नियुक्ति के बाद आईआरटीएमटीसी, पीआरवाईजी में 10 नवम्बर 2025 को प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। 14 नवम्बर को चयनित उम्मीदवारों का दोबारा बायोमैट्रिक सत्यापन किया गया था। परीक्षा के समय के बायोमैट्रिक और फोटो से मुकेश के बयोमैटिक और फोटो मेल नहीं खा रही थी। इसके बाद जांच पड़ताल हुई तो फर्जीवाड़ा उजागर हुआ।

**और कौन–कौन शामिल**

सीबीआई ने मुकेश कुमार पिता नरेश मंडल निवासी रो– ग्राम–लोंचा–पाटम, पोस्ट–पाटम, मुंगेर बिहार और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है ।साथ ही इस फर्जीवाड़ा में और कौन–कौन शामिल है इसका भी पता लगाया जा रहा है। साथ ही मुकेश के स्थान पर किसने परीक्षा दी इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## बाइकों में भिड़ंत, मां की मौत, बेटा घायल

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत घुल्लापाठ मोड़ पर तेज रफ्तार बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार मां की मौत हो गई जबकि बेटा घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक कमलेश यादव निवासी सररा घंसौर सिवनी ने सूचना दी कि अपनी मां भूरी बाई यादव के साथ अपने घर ग्राम सर्रा थाना घंसौर से बरगी नगर मोटर सायकल से आ रहे थे मां मोटर सायकल में पीछे बैठी थी शाम लगभग 5–20 बजे जैसे ही घुल्लापाठ मोड़ पर पहुॅचे तभी बरगी नगर तरफ से आ रही मोटर सायकल का चालक अपनी मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह एवं उसकी मां भूरी बाई यादव मोटर सायकल सहित गिर गये, मां के सिर एवं हाथ में चोट आई जिन्हें उपचार के लिए बरगी अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक कर उसकी मां भूरी बाई यादव 62 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

# दफ्तरों के गलियारे

## आज खुश तो बहुत होंगे तुम!




रेल का एक प्रमुख थाना महिला अधिकारी की आमद के बाद फुर्ती में आ गया है। सिपाहियों के बीच चर्चा चली कि वैसे तो इससे पहले भी इस थाने की कमान महिला अधिकारी संभाल चुकी है, लेकिन थाने का जैसा दुरुस्त हाल अभी है, वैसा कभी नहीं रहा। कुछ तो यह तक बोल बैठे कि मैडम जी 24 घंटे एक्टिव रहती है। स्टेशन से लेकर निजी जिन्दगी तक मैडम एक मिसाल पेश कर रही है और अगर उनका खौफ जानना है तो अपराधियों से पूछो, बाल की खाल खींच लेती है मैडम जी! दबे कान सिपाहियों के मुंह से अच्छा सुनने पर मैडम जी के मन में खूब लड्डू फूटे होंगे। आखिरकार ऐसे संवेदनशील विभागों में तारीफे कम ही सुनने को मिलती है।

## मुख्यालय तक पहुंची पार्षद के फर्जी विकास के बोर्ड की गूंज



नाली रोड बनी नहीं और विकास के नाम का झूठा बोर्ड रजा चौक के शरफाबाद में जब लोगों ने देखा तो आक्रोश के साथ वे अपनी हंसी भी नहीं रोक पाए... वजह यहां लगा हुआ झूठा बोर्ड जिसमें लिखा है कि पार्षद शमरीन कुरैशनी ने रोड, नाली का निर्माण कार्य कराया है। जबकि कुछ दिनों पहले एक वायरल वीडियो में पार्षद खुद स्थानीय लोगों से कहतीं हुईं नजर आ रहीं हैं कि विकास कार्य के लिए निगमायुक्त के चक्कर काट लीजिए काम जल्दी हो जाएगा। पूरा मामला रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड का है जहां बिना काम के बोर्ड लगा दिया गया है। ऐसे में स्थानीय जनों द्वारा पार्षद के खिलाफ उठाई गई आवाज निगम के मुख्यालय तक जा पहुंची है। ऐसे में वार्ड के लोग तो पार्षद से खुद पूछते नजर आ रहे हैं कि रोड, नाली है कहां सिवाए क्षेत्र में गंदगी और बदबू के....कुल मिलाकर पार्षद अब चारों तरफ से घिर चुकीं हैं क्योंकि विकास का ये झूठा बोर्ड उनके लिए अब नई मुसीबत खड़ी कर सकता है।

## बड़ी गोदामें कब होंगी सील.?



धान उपार्जन के पूर्व जिले में कलेक्टर के निर्देश पर जिन गोदामों में पहले से ही पुरानी धान रखी हुई है उन्हें उपार्जन पूर्ण होने तक सील किया जा रहा है। जिसका कारण है कि गोदामों में स्टॉक करके रखी पुरानी धान व्यापारी और बिचौलिए समर्थन मूल्य पर चल रही खरीदी पर ले जाकर बेच देते हैं। जिसको गंभीरतापूर्व लेते हुए कलेक्टर ने गोदाम सील करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के पालन में कई गोदाम में कार्रवाई हुई है, जहां पर धान की उपलब्धता मिलने पर उन्हें सील कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक जिले में कई ऐसे बड़े वेयरहाउस और बड़ी गोदामें है, जहां अभी भी बड़ी मात्रा में पुरानी धान रखी हुई है। लेकिन उन पर अभी प्रशासन की नज़रें नहीं पड़ी हैं, या जानकर भी अनजान बने हैं। अब देखना होगा की बड़ी गोदाम में प्रशासन का ताला लगता है या फिर व्यापारी उपार्जन की बहती गंगा में हाथ धोएंगे।

## मैडम की एंट्री, साहब की रवानगी



बुरी हरकतों के चलते एक टीआई जिस भी थाने में आमद दे रहे वहां ज्यादा दिन टिक नहीं पा रहे है। बाजार वाले थाने से हटाने के बाद यातायात थाने की कमान संभाल रहे प्रभारी की कुर्सी फिर खिसक गई तो उन्हें काटो तो खून नहीं वाला झटका लगा। तिलमिलाएं टीआई चेलो से कह बैठे कि चाहे कुछ भी हो जाएं मैं अब थाना नहीं छोड़ने वाला हूं। प्रभारी आका के पास दरबार पहुंचे। ट्रांसफर रूकवाने जोर लगवाया लेकिन नए अधिकारी की पोस्टिंग हो चुकी थी तो कुछ नहीं हो सका। जिन मैडम को थाने की जिम्मेदारी मिली वे शादी में व्यस्त थी तो कुछ दिन रौब निकल गए लेकिन जैसे ही मैडम ने आमद दी तो बड़े बोल वाले साहब की रवानगी हो गई।

**धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, अमन पटेल, अजहर खान**

## पार 7 डिग्री तक नीचे आया

**ठंड ने दिखाया असर चली ठंडी हवाएं**



**जबलपुर।** मौसम के बदले मिजाज के साथ तापमान में लगातार उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। इसके साथ ही ठंड भी अपना असर दिखा रही है। बीते 24 घंटे में सर्दी का प्रभाव बढ़ गया है शनिवार को न्यूनतम तापमान 7.8 तक पहुंचा जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। सुबह से सूर्यदेव ने भले ही दर्शन दिए लेकिन ठंडी हवाएं चल रही है। सुबह और शाम ढलते ही गलाव वाली ठंड महसूस हुई। ठंड से बचने लोग गरम कपड़े लादकर ही बाहर निकले। मौसम विभाग की माने तो अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 81 और शाम को 56 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर–पूर्वी हवाएं 2 से 3 किमी की रफ्तार से चली।

## अवैध कॉलोनी बनाई, 51 भूखण्ड अवैधानिक ढंग से बेचे

▶ **बिल्डर के खिलाफ अधारताल थाने में एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत पिपरिया बनियाखेडा में अवैध रूप से कॉलोनी बनाई और 51 भूखण्ड अवैधानिक ढंग से विक्रय किया गया। मामले की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने बिल्डर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम पिपरिया बनियाखेडा महाराजपुर तहसील पनागर में बृनदावन कुशवाहा पिता शंकर लाल कुशवाहा निवासी अमखेरा रोड बस्ती नं. 1 गोहलपुर द्वारा कॉलोनी बनाई। भूमि खसरा नम्बर. 304/2 रकबा 1.044 हेक्टेयर भूमि को भू. खण्डों में विभाजित कर विक्रय किया गया। मामले की जांच जिला प्रशासन द्वारा कराई गई। बिल्डर को नोटिस जारी करते हुए कालोनाईजर रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी विकास अनुज्ञा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व्दारा जारी डायवर्सन आदेश की प्रति, नगर एवं ग्राम निवेश व्दारा स्वीकृत अभिन्यास की प्रति, भोपाल स्थित रेरा कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र जवाब के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। बिल्डर व्दारा कारण बताओ प्राप्त किया था लेकिन नियत पेशी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। नियत पेशी को उपस्थित न होने पर पुन: नोटिस जारी हुआ। लेकिन उसके व्दारा जवाब एवं साक्ष्य पेश नही किया गया। जांच में पाया गया कि बिल्डर ने अवैध कलोनी निर्माण किया। साथ ही51 भू. खण्ड अवैधानिक ढंग से विक्रय किया है।

## कमरे में पश्चिम बंगाल के बुजुर्ग की लाश मिली

**जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत गणेश चौक में किराए से रहने वाले मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल के बुजुर्ग की कमरे के बरामदे में लाश पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक पण्डित अनिल चंसोरिया 67 वर्ष निवासी गणेश चौक ने सूचना दी कि उसके मकान में किराये से रहने वाला सुरंजन हल्दार पिता अश्वनी हल्दार 50 वर्ष मूल निवासी लाल गोला मुर्शीदाबाद पश्चिम बंगाल का सुबह लगभग 7 बजे अपने कमरे के बाहर बराम्दे मे उल्टा पडा था जिसे हिला डुलाकर देखा नहीं हिला मौत हो गयी थी। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## बाहर किए गए मिलरों से ही बारदाना क्यों?

**एक तरफ हेराफेरी के आरोप, दूसरी तरफ ले रहे पुराना बारदाना**

**नवभारत,जबलपुर।** जिले में धान उपार्जन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। धान खरीदी के लिए 55 प्रतिशत नए और 45 प्रतिशत पुराने बारदाने का उपयोग किया जाना है। पुराने बारदाने की आपूर्ति अनुबंधित राइस मिलों से होती है, लेकिन यही तथ्य अब विवाद का कारण बन गया है। पिछले वर्ष धान हेराफेरी के मामले में जिले में बड़ी कार्रवाई हुई थी। 16 राइस मिलरों पर एफआईआर दर्ज की गई थी और 27 मिलरों पर विभागीय जांच जारी है। इसी कारण इन मिलरों को इस बार मिलिंग प्रक्रिया से बाहर रखा गया है। इसके बावजूद प्रशासन इन्हीं मिलरों से पुराना बारदाना जमा करवा रहा है, जिसका उपयोग धान खरीदी में होना है। सवाल यह उठ रहा है कि जिन मिलरों पर हेराफेरी के आरोप लगने के कारण विश्वास नहीं किया जा सकता, उनसे बारदाना कैसे लिया जा रहा है? और यदि उनसे बारदाना लिया जा सकता है, तो मिलिंग का काम क्यों नहीं सौंपा जा रहा?

**स्थानीय मिलिंग रुकी बाहर के जिलों को मौके**

वर्तमान में जबलपुर के अधिकांश



मिलरों को मिलिंग प्रक्रिया से बाहर रखा गया है और केवल पांच स्थानीय मिलर ही सीमित मात्रा में मिलिंग कर रहे हैं। इसके विपरीत, दूसरे जिलों के मिलरों को जबलपुर की धान ले जाने की अनुमति दी गई है, जिससे शासन को अतिरिक्त परिवहन व्यय का बोझ उठाना पड़ रहा है।

**बारदाना ले सकते तो मिलिंग क्यों नहीं करवा रहे?**

गोदामों में पिछले वर्ष की पुरानी धान पहले से ही भरी हुई है। दूसरे जिलों के मिलरों की कम रुचि और गोदामों में धान की भरमार के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जांच का सामना कर रहे मिलरों से बारदाना लिया जा सकता है, तो उनसे मिलिंग क्यों नहीं करवाई जा सकती? इसके बावजूद शासन न तो स्थानीय मिलरों को शामिल कर रहा है और न ही कोई स्पष्ट नीति घोषित कर पा रहा है।

## जबलपुर–निजामुद्दीन के बीच विशेष ट्रेन

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन द्वारा 01701/01702 जबलपुर–हजरत निजामुद्दीन–जबलपुर एक्सप्रेस विशेष गाड़ी का संचालन एक–एक फेरे के लिए किया जा रहा है ।यह विशेष गाड़ी जबलपुर से 07 दिसम्बर रविवार को तथा हजरत निजामुद्दीन से 08 दिसम्बर सोमवार को निम्नवत समय–सारणी के अनुसार चलेगी 01701 जबलपुर–निजामुद्दीन एक्सप्रेस विशेष गाड़ी दिनांक 07 दिसंबर को रविवार को जबलपुर स्टेशन से समय 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन कटनी मुड़वारा से 01.30 बजे, दमोह से 02.42 बजे, सागर से 04.10 बजे वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी से 07.35 बजे, ग्वालियर से 08.57 बजे, आगरा कैंट से 10.55 बजे, मथुरा से 12.00 बजे छूटकर, निजामुद्दीन स्टेशन 14.15 बजे पहुंचेगी।

**रीवा से सीएसएमटी के बीच स्पेशल**

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग पर 02185/02186 रीवा–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–रीवा विशेष गाड़ी का संचालन रीवा से 07 दिसम्बर को तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 08 दिसम्बर को एक–एक ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी।

# ट्रक ड्राइवर का केबिन में कत्ल, हेल्पर फरार

**शाही तालाब संजीवनी नगर में वारदात**



**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत शाही तालाब संजीवनी नगर में खड़े ट्रक के केबिन में चालक की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका–ए–वारदात पर पहुंच गई और हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक अजय पटेल 36 वर्ष निवासी नई बस्ती थाना गोहलपुर ने सूचना दी कि वह नगर निगम जबलपुर संभाग गढा में जल विभाग में लाईन मैन के पद पर कार्यरत है। शनिवार को नगर निगम ठेकेदार रवि ग्रोवर के लडके ऋषभ ग्रोवर ने 11–30 बजे फोन कर बताया कि पानी के पाईप की गाड़ी शाही तालाब संजीवनी नगर आ गयी है, जाकर पाईप उतरवा लो, उसने पहुंचकर देखा तो अम्बिका शर्मा के घर के सामने ट्रक सीजी 04 क्यू जी 9427 खडा था, आसपास कोई नजर नहीं आया। ट्रक का गेट खुला था तो चढ़कर देखा तो केबिन में एक ड्राइवर मृत पड़ा था जिसके सिर, चेहरे से खून निकला था, हिला डुलाकर देखा तो उक्त व्यक्ति की मौत हो चुकी थी, सिर के पास एक बडा पत्थर खून लगा हुआ पड़ा था।

**ऐसे हुई मृतक की शिनाख्त**

अजय पटेल ने ट्रक के सम्बंध में तुलसी ट्रांसपोर्ट में संपर्क किया तो विवेक अग्रवाल से बात हुई। जिससे ब्रोकर का नम्बर लिया जिसने मोबाईल नम्बर पर बात करने पर बताया कि उक्त ट्रक को ड्राईवर माधव रजक पिता गोपाल रजक 35 वर्ष निवासी पथरिया जिला दमोह का हैल्पर के साथ चलाकर ले गया था। ड्राइवर की लाश मिली जबकि हेल्पर फरार था। ड्राईवर माधव रजक की सिर मे चोट पहुंचा कर हत्या कर दी है।

**फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एफएसएल ने जुटाए साक्ष्य**

सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया , फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट निरीक्षक अखिलेश चौकसे, एफएसएल अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह, मौके पर पहुंचे। वरिष्ठ अधिकारियों एवं एफएसएल टीम की मौजूदगी में हत्या से जुड़े अहम साक्ष्य जुटाए गए। इसके बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया।



**हेल्पर की तलाश जारी**

सीएसपी एमडी नागोतिया ने बताया कि सूचना मिली ट्रक में ड्राइवर की हत्या कर दी गई है ट्रक खड़ा है। सूचना पर पुलिस पहुंची तस्दीक की गई। ट्रक ड्राइवर की हत्या कर दी गई है हेल्पर फरार है जिसकी तलाश जारी है हत्या किन कारणों से हुई इसका पता लगाया जा रहा है ।

नव भारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

एकाउंटेंट (टेली एवं 5 वर्ष का अनुभव)

बिलिंग ऑपरेटर (एमआईएस एवं 5 वर्ष का अनुभव)

रिपोर्टर (महिला+ पुरुष) (2 वर्ष का अनुभव एवं बी.जे.सी एवं एम.जे.सी)

डीटीपी ऑपरेटर (5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

रिकवरी एग्जीक्यूटिव (ग्रेजुएशन एवं 5 वर्ष का अनुभव)

संपर्क करें

कार्यालय– नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर (दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )

9752721239, 8305852507

hr.navabharat1934@gmail.com










स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57